हिन्दुस्तान

# नकली सीमेंट बनाने के कारखाने का भंडाफोड़

Tue, 23 Nov 2021 04:01 AM

शहर में नकली सीमेंट बनाने के कारखाना का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। मामले में नकली सीमेंट के कारोबारी रंजन सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। एसपी विकास कुमार को सूचना मिली थी कि शहर में नकली सीमेंट बनाने का धंधा चल रहा है। इस पर एसपी ने एसडीपीओ ओम प्रकाश के नेतृत्व में टीम का गठन किया। सोमवार को गठित टीम ने नगर थानाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह के साथ सम्बंधित स्थल पर छापेमारी की तो मामला सही पाया गया। एक नंबर कॉलोनी में नकली सीमेंट को असली सीमेंट के बोरे में भरकर बेचने के कारोबार का पर्दाफाश होने पर तीन आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि छापेमारी के क्रम में नौ सौ बैग पुराना व खाली दो सौ पैतींस बैग सीमेंट भरने वाला बोरा, भरा हुआ सीमेंट खुला हुआ एक सौ बोरा और एक सौ पांच से अधिक नकली सीमेंट बोरा को जब्त किया गया। पिछले कई दिनों से अलग अलग कम्पनी के डम्प किये गये सीमेंट से किसी सीमेंट के बोरे में भरकर भेजने का कारोबार चल रहा था। जल्द ही धंधे में लिप्त अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जायेगा। अंचलाधिकारी सोनू भगत के आवेदन पर रंजन सिंह पर केस दर्ज किया गया है।

Source: https://www.livehindustan.com/bihar/katihar/story-fake-cement-factory-busted-5150318.html